# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 02.07.2024 प्रसारण समय : 19:20 बज

---

**मुख्य समाचार :–**

1. हाथरस में सत्संग में भगदड़ मचने से 50 से अधिक लोगों की मौत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठाई जांच : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में घटना पर जताया दुख।
2. प्रधानमंत्री ने आज लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का दिया जवाब : कहा– सरकार की नीतियों और नीयत पर जनता को है भरोसा।
3. मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज कैबिनेट बैठक में यूपी एग्रोटेक नीति–2024 समेत 11 प्रस्ताव पारितः स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन एक्ट को भी मिली मंजूरी।

और

4. बीते 24 घंटा में गोंडा में हुई सर्वाधिक 143 मिलीमीटर वर्षा : मौसम विभाग ने प्रदेश के छह जनपदों के लिए जारी किया भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट।

––––––––––

हाथरस जिले के एक गांव में आज एक धार्मिक सभा में भगदड़ मचने से पचास से अधिक लोगों की मौत और कई अन्य घायल हो गए। एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि यह घटना फुलरई गांव में आयोजित एक सत्संग में हुई। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोग जुटे थे, जहां भगदड़ मचने से हादसा हुआ।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस जिले में हुए हादसे में मरने वालों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार और मौके पर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने एडीजी आगरा और कमिश्नर अलीगढ़ के नेतृत्व में घटना के कारणों की जांच 24 घंटे में पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रूपये और घायलों को पचास–पचास हजार रूपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम आयोजकों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज होगी।

हाथरस जिलाधिकारी आशीष कुमार ने हादसे में 50 से अधिक लोगों के मरने की पुष्टि की है। उनका कहना है

कि अभी भी मृतकों की संख्या के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में हाथरस की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार राज्य सरकार के संपर्क में है। हादसे के पीड़ितों की हरसंभव मदद की जायेगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हादसे पर दुख प्रकट किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा दुघटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उन शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

प्रशासन की ओर से हेल्पलाइन नम्बर जारी किया गया है। जो है– 05722–227041

—————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मादी ने कहा कि उनकी सरकार पूरी तरह से इंडिया फर्स्ट के आदर्श वाक्य पर चलती रही है और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की उसकी नीति को हाल के लोकसभा चुनावों में लोगों का समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने सबके लिए न्याय और किसी का तुष्टिकरण नहीं करने की नीति का पालन किया है। श्री मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में जवाब देते हुए यह बात कही। विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह विपक्ष की पीड़ा समझ सकते हैं, क्योंकि गलत

सूचना फैलाने के बावजूद उन्हें लोकसभा चुनावों में करारी हार का सामना करना पड़ा है। श्री मोदी ने आम चुनाव में परिपक्वता और समझदारी दिखाने के लिए देश की जनता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि लोगों ने उनकी सरकार की नीतियों, नीयत और समर्पण पर भरोसा किया है और इसी वजह से एनडीए को लगातार तीसरी बार सत्ता में वापस लाये हैं। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार सबका साथ सबका विकास के मंत्र के साथ काम कर रही है। प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान विपक्षी सांसदों ने अलग–अलग मुद्दों पर सदन में विरोध प्रदर्शन किया।

अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष के आचरण पर नाराजगी व्यक्त की और उनसे सदन में व्यवस्था बनाए रखने का आग्रह किया, लेकिन उन्होंने नारेबाजी जारी रखी।

इससे पहले लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा में भाग लेते हुए समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि भारत के दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बावजूद प्रति व्यक्ति आय अब भी कम है।

*कहने को सरकार ये कहती है कि ये फिफ्थ लारजेस्ट इकोनॉमी बन गई है और जीडीपी के मामले में फिफ्थ वर्ल्ड की इकोनॉमी बन गई है। लेकिन अध्यक्ष महोदय ये सरकार क्यों छिपाती है कि अगर ये हमारी लारजेस्ट इकोनॉमी अगर पांचवें नंबर पर है तो हमारे देश की हर केपेटाइ इंकम प्रति व्यक्ति आय हमारे किस स्थान पर पहुंची है।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में आज विधान परिषद उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी बहोरन लाल मौर्य ने नामांकन दाखिल किया। विधान परिषद चुनाव के लिए कल भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी घोषित किया था। विधान परिषद में इस सीट का कार्यकाल जुलाई 2028 तक होगा। यह सीट स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे के बाद खाली हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा कि बहोरन लाल मौर्य चुनाव जीतकर विधान परिषद में पहुंचेंगे और आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से रखेंगे।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज मंत्रिपरिषद की बैठक में यूपी एग्रोटेक नीति–2024 समेत 11 प्रस्ताव पारित हुए। कैबिनेट बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रेसवार्ता कर सरकार के फैसलों के बारे में जानकारी दी। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि उत्तर प्रदेश एग्रीटेक नीति 2024 पर कैबिनेट में प्रस्ताव पारित होना किसान हित में सरकार का बड़ा कदम है। किसानों के लिए डिजिटल रजिस्ट्री कार्यक्रम की शुरुआत के साथ कृषि विकास दोगुना करने का लक्ष्य है। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि पशुधन कुक्कुट एवं मत्स्य आहार प्रोत्साहन नीति 2024 और उत्तर प्रदेश चारा नीति 2024 को मंजूरी प्रदान की गयी है। इससे प्रदेश के किसान समृद्ध होंगे। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि बैठक में वेतन समिति की संस्तुतियों को मंजूरी मिल गयी है। 656 सिक्यारिटी गार्डों, 2130 अध्यापकों के मानदेय में वृद्धि, सिक्योरिटी गार्डों के प्रोत्साहन भत्ते में वृद्धि का फैसला लिया गया है। इस फैसले के तहत राज्यपाल व मुख्यमंत्री के अंतर्गत आने वाले सिक्योरिटी गाडर्स को लाभ मिलेगा।

संसदीय कार्यमंत्री ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग के एक अन्य फैसले में अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के एड हॉक शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती के

लिए 2200 शिक्षकों को 25 हजार से 30 हजार मानदेय पर पुनर्नियुक्ति को मंजूरी मिली है। सुरेश खन्ना ने बताया कि लखनऊ और वाराणसी में दिल्ली के भारत मण्डपम की तर्ज़ पर कन्वेंशन सेंटर बनाने के लिए काम होगा। बाइट....

*ये औद्योगिक निवेश को देने के लिए और खासतौर से उन लोगों को प्रोत्साहन देने के लिए अभी तक कोई ऐसी व्यवस्था नहीं थी कि जिससे लोग डिस्प्ले कर सके। अपने अपने प्रोडक्ट को तो खासतौर से आईटीपीओ के माध्यम से एक समझौता ज्ञापन किया जाएगा। उसके लिए जिस तरीके से भारत मंडपम बना है। इसी तरीके से लखनऊ और वाराणसी में इस प्रकार का display का एक बहुत convention center type ये hard type जो multi purpose होगा और जिसमें लोग अपने अपने product का display कर सके। MSME को प्रोत्साहन देने के लिए आज मंत्रिपरिषद के द्वारा ये समझौता ज्ञापन पर सहमति मिल गई है।*

बैठक में स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन एक्ट बनाने के लिए प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। इसके तहत उत्तर प्रदेश देश का चौथा राज्य होगा, जिसमें यह एक्ट लागू होगा। उत्तर प्रदेश में इसका नाम नोडल इन्वेस्टमेंट रीजन फ़ॉर मैन्युफैक्चरिंग होगा। वर्तमान में 3 राज्य गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान में यह एक्ट लागू है। इसके अतिरिक्त गृह विभाग के 2 प्रस्तावों को मंजूरी मिली है।

——————

प्रदेश में अमरोहा, बदायूं, मैनपुरी, एटा, बलरामपुर, फतेहपुर, देवरिया और गोरखपुर समेत अन्य जनपदों में रूक–रूककर बारिश का सिलसिला जारी है। बीते चौबीस घंटों में सर्वाधिक 143 मिलीमीटर बारिश गोण्डा में दर्ज की

गई। इसके अलावा कुशीनगर में 122 मिलीमीटर और लखीमपुर खीरी में 106 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में रूक–रूककर बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। विभाग की ओर से इलाहाबाद, चित्रकूट, कौशाम्बी, औरैया, इटावा और आगरा के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन इलाकों में कल भारी बारिश की आशंका है। उधर, प्रदेश में बीते 24 घंटे में आकाशीय बिजली और डूबने से नौ लोगों की मौत हुई है। राहत आयुक्त कार्यालय से जारी बुलेटिन के अनुसार प्रदेश में कहीं भी अभी बाढ़ की स्थिति नहीं है। बदायूं, मैनपुरी और एटा में अतिवृष्टि से एक–एक व्यक्ति और बलरामपुर, फतेहपुर में डूबने से एक–एक व्यक्ति की जान गई है। देवरिया और गोरखपुर में आकाशीय बिजली गिरने से दो–दो लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा अमरोहा में आज मकान गिरने से एक परिवार के 2 लोगों की मौत हो गई।

——————